# उद्यमियों को खूब रास आ रहा 'निवेश मित्र' : महाना

**राज्य मुख्यालय।** यूपी में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र' उद्यमियों को भा रहा है। इसके माध्यम से तीन साल में कुल 4,77,761 आवेदन में 4,03,806 स्वीकृतियां दी गई हैं।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में हमारी सरकार कारोबारी माहौल में सुधार के लिए टेक्नोलॉजी-संचालित सुधारों को लागू कर रही है। निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल राज्य में निवेश की प्रक्रिया को पारदर्शिता व सुविधा प्रदान करने के विभिन्न सफल प्रयासों में से एक है। इसके फलस्वरूप प्रदेश 12 स्थानों का सुधार करते हुए भारत में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफल हुआ है।

उन्होंने कहा कि 'निवेश मित्र' के माध्यम से सेवाओं को निरंतर व समयबद्ध रूप से प्रदान किया जाना राज्य सरकार द्वारा निवेशकों और उद्योगों की अपेक्षाओं को कुशलता से पूर्ण करने के अथक प्रयासों का एक प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिससे निवेश परियोजनाओं के कार्यान्वयन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।



**04** लाख से ज्यादा स्वीकृतियां दीं

निवेश मित्र के शिकायत निवारण तंत्र के अंतर्गत अब तक उद्यमियों से 32,965 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत की उत्कृष्ट समाधान दर से सफलतापूर्वक हल किया गया है। पोर्टल के 'यूजर फीडबैक' मॉड्यूल को उपयोगकर्ताओं से 2,26,113 फीडबैक मिले हैं। **प्रसं**